Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding permission for excavation of white stone mines in Bharat pur Parliamentary Constituency.

श्रीमती रंजीता कोली (भरतपुर): अध्यक्ष महोदय, मैं सदन के माध्यम से कहना चाहती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र भरतपुर के तहसील रूपबास, बंसी पहाड़पुर में प्रसिद्ध सफेद एवं लाल पत्थर मिलते हैं । विश्व प्रसिद्ध इमारतें, अक्षरधाम मंदिर**,** संसद भवन एवं और भी कई प्रसिद्ध इमारतों के निर्माण कार्य में यह प्रयुक्त हो चुका है । मेरे जिले के रूपबास क्षेत्र में कई खानें हैं, जहां पर सरकार ने रोक लगा रखी है, जिसके कारण क्षेत्र का विकास रूका हुआ है ।

मैं सदन के माध्यम से अनुरोध करना चाहती हूं कि रूपबास में मिलने वाले सफेद पत्थर के खनन कार्य के सैंड स्टोन की 44 खान पट्टों को ईसी की अनुमति देकर खनन कार्य को चलाने की अनुमति प्रदान करें, जिससे खान के छोटे व्यापारी एवं मजदूरों को रोजगार मिल सके । इस संबंध में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार को अनुरोध कर चुकी हूं । मेरे पूरे लोक सभा क्षेत्र में पत्थर का ही व्यवसाय है । इसकी अनुमति से मेरे क्षेत्र में रोजगार में बढ़ोतरी मिलेगी । यहां से ये पत्थर भारी मात्रा में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए जाना है । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती रंजीता कोली द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।